29/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि संविधान राष्ट्र का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि यह बहुत सम्मान की बात है कि अगले वर्ष 26 जनवरी को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि संविधान हर मायने में समय की कसौटी पर खरा उतरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए एक विशेष वेबसाइट constitution75.com बनाई गई है। मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की दो बड़ी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पहली उपलब्धि मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में मिली है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2015 और 2023 के बीच भारत में मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी आई है। कैंसर के समय पर उपचार के बारे में लोग पहले से कहीं अधिक जागरूक हो गए हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि समय पर इलाज का मतलब है 30 दिनों के भीतर कैंसर रोगी का इलाज शुरू करना और 'आयुष्मान भारत योजना' ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है।

0000000000000000000000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) कल अपना अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग, स्पैडेक्स लॉन्च करने जा रहा है। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक साक्षात्कार में कहा कि इसरो का साल के अंत का मिशन ऐतिहासिक होगा क्योंकि यह अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को डॉक करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने की कोशिश करेगा। डॉ. सिंह ने कहा कि स्पैडेक्स मिशन अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने में सक्षम देशों की विशेष श्रेणी में भारत के प्रवेश को चिह्नित करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक अनूठी पद्धति, पीएसएलवी रॉकेट, इस जटिल उपलब्धि को प्रदर्शित करने के लिए स्वदेशी तकनीक, 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' से लैस दो उपग्रहों को लॉन्च करेगा।

0000000000000000000000

केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने राज्य में कई विकासात्मक पहलों की समीक्षा करने के लिए कई कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की। वे 26 से 28 दिसंबर तक इंडिजिनस फैथ एंड कल्चरल सोसायटी ऑफ अरुणाचल प्रदेश- IFCSAP के रजत जयंती समारोह में भाग लेने के लिए अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सिविल सचिवालय ईटानगर में राज्य के गृह और अंतरराज्यीय सीमा मामलों के मंत्री मामा नातुंग और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। श्री ओराम ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) योजनाओं के तहत सहयोगात्मक पहलों

और राज्य की बुनियादी ढांचागत चुनौतियों का समाधान करने के लिए सांसद तापिर गाओ और नाबाम रेबिया के साथ भी चर्चा की।

0000000000000000000000

अरुणाचल युवा समन्वय 2024-25 का चौथा संस्करण आगामी 28 से 31 जनवरी तक वेस्ट सियांग जिले के कोम्बो सर्कल के अंतर्गत जिरदीन गांव में आयोजित किया जाएगा। राज्य के खेल एवं युवा मामलों के सचिव आबू तायेंग ने गत शनिवार को यह जानकारि साझा की। डीसी कार्यालय, आलो में जिला अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर रहें सचिव ने कहा कि राज्य की 25 प्रमुख जनजातियाँ कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक खेल और साहसिक गतिविधियों जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्‌रम के दौरान विभिन्न जनजातियों के फूड स्टॉल भी लगाएं जाएंगे।

0000000000000000000000

सुरक्षा बलों को चांगलांग जिले के मियाओ-विजयनगर क्षेत्र में एक ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार बरामद हुआ हैं। यह ऑपरेशन भारतीय सेना और असम राइफल्स द्‌वारा अरुणाचल प्रदेश पुलिस के साथ समन्वय में स्पेशिएलिस्ट ड्रोन, ट्रैकर डॉग्स और मेटल डिटेक्टर्स का उपयोग करके किया गया था। शनिवार को जारी एक रक्षा विज्ञप्ति के अनुसार ऑपरेशन के दौरान, विभिन्न स्थानों से कुल 10 विभिन्न प्रकार की असॉल्ट राइफल्स बरामद की गईं हैं। माना जा रहा हैं कि पिछले साल आत्मसमर्पण करने से पहले ईस्टर्न नागा नेशनल गवर्नमेंट (ENNG) के उग्रवादियों ने इन हथियारों को दफना दिया होगा, जिन्हें

NSCN (IM) और NSCN (KYA) सहित उग्रवादी समूहों द्वारा ENNG कैडरों की मदद से छह महीने से अधिक समय से खोजा जा रहा था।

0000000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस ने नाहरलागुन के सेंट अल्फोंसा पब्लिक स्कूल में ओवरहेड वॉटर टैंक फटने की घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसमें तीन छात्रों की मौत हो गई थी। चौसठ वर्षिय आरोपी कुरियन पल्लीकुनेल जॉन, केरल के कोट्टायम के पुथुपल्ली गांव का निवासी है, जिसे शुक्रवार को असम के गुवाहाटी से गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपी हॉस्टल सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहा था और स्कूल में पानी की टंकी के निर्माण की देखरेख के लिए भी जिम्मेदार था। 14 दिसंबर को घटना के तुरंत बाद फरार हो गया और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदलता रहा। पुलिस ने पहले स्कूल के प्रिंसिपल सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

0000000000000000000000

शतरंज में, भारत की ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। न्यूयॉर्क में खेले जा रहे टूर्नामेंट में हम्पी ने 11वें राउंड में 8 दशमलव 5 अंक हासिल करके जीत हासिल की। कोनेरू हम्पी, चीन की जू वेनजुन के बाद यह खिताब एक से ज्यादा बार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई है। हम्पी ने इससे पहले 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 फिडे महिला विश्व रैपिड चैंपियनशिप जीतने पर कोनेरू हम्पी को बधाई

दी। श्री मोदी ने कहा कि हम्पी का धैर्य और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करती रहेगी।

0000000000000000000000